तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

4
क्षमता से अधिक बच्चों को ढो रही वैन, सुरक्षा को लेकर चिंता





## खबर संक्षेप

### जिले में 527.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में 30 जुलाई तक 527.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 9.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 720.4 मिली मीटरए पुसौर में 590.5, खरसिया में 478.3, घरघोड़ा में 363.4, तमनार में 705.2, लैलूंगा में 459.6, मुकडेगा में 413.5, धरमजयगढ़ में 340.1, छाल में 549.4 एवं कापू में 655 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### दो ट्रकों की भिड़ंत चालक घायल

**रायगढ़।** कोतरारोड थाना क्षेत्र में जगदंबा शोरूम के पास दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर में एक चालक घायल हो गया, जबकि ट्रक को भारी नुकसान पहुंचा है। मामले में पुलिस ने दूसरे ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए रितेश पासवान पिता सुभाषचंद्र पासवान ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पिता के नाम पर पंजीकृत 12 चक्का ट्रक क्रमांक ओडी 16 डी 4806 को उनके पिता स्वयं चलाते हैं। 21 जुलाई को वे चांपा से माल लोड कर झारसुगुड़ा जा रहे थे। रात करीब 10:30 बजे रायगढ़ के पास जगदंबा डाला शोरूम के समीप सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक ओआर 16 सी 1756 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनके ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में रितेश पासवान के पिता के बाएं पैर और छाती में गंभीर चोटें आईं। उन्हें उपचार के लिए ओडिशा ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं दुर्घटना में ट्रक का इंजन और पिछला एक्सल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। शिकायत के आधार पर कोतरारोड पुलिस ने ट्रक क्रमांक ओआर 16 सी 1756 के चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने के आरोप में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### आंबा केंद्र का ताला तोड़कर चोरी, गैस सिलेंडर पार

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम लिंजीर डीपापारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर केंद्र से गैस चूल्हा, सिलेंडर, बर्तन, राशन सामग्री और महत्वपूर्ण सरकारी रजिस्टर सहित हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कनकलता प्रधान ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 27 जुलाई को कार्यालयीन समय समाप्त होने के बाद दोपहर करीब 3:30 बजे केंद्र बंद कर सभी कर्मचारी और बच्चे अपने-अपने घर चले गए थे। अगले दिन 28 जुलाई की सुबह गांव के राजेश श्रीवास ने फोन कर सूचना दी कि केंद्र का चैनल गेट का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलने पर कनकलता प्रधान अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, गांव की पंच सफेद बाई साव, चमेली खड़िया, अंबिका प्रधान तथा सरपंच श्रुति सारथी के साथ मौके पर पहुंचीं। वहां देखा गया कि केंद्र का ताला टूटा हुआ था और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। जांच करने पर गैस चूल्हा, सिलेंडर, 20 थालियां, 20 गिलास, 10 चम्मच, एक कढ़ाई, एक कुकर, स्टार्टर व एमसीबी सेट, दरी, कुर्सी, बाल्टी, छह डिब्बे, चावल, दाल, तेल सहित राशन सामग्री तथा रेडी-टू-स्टॉक पंजी और चौपाल पंजी सहित अन्य दस्तावेज गायब मिले।

### पालना सहायिका के रिक्त पद पर होगी भर्ती

**रायगढ़।** आंगनबाड़ी सह पालना केन्द्र प्रेमनगर वार्ड क्रमांक 27 में पालना सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती होगी। 11 अगस्त तक महिला एवं बाल विकास विभाग में आवेदन कर सकती हैं। भर्ती से संबंधित विस्तृत दिशा.निर्देशए नियम एवं शर्तों की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

## हो सकती है एफआईआर, कारखाना एक्ट के तहत मांगा गया जवाब

# प्लांट की एक भट्ठी सील, संचालक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बुधवार को हुए पूंजीपथरा स्थित मां शिवा स्टील एंड एलॉयज में हादसे के बाद गुरुवार को औद्योगिक स्वास्थ्य एंव सुरक्षा विभाग के उप संचालक ने जांच किया। जांच के दौरान गई तरह की खामियां मिली। इसके कारण प्लांट के भठ्ठी नंबर 3 को सील कर दिया गया है। वहीं प्लांट मालिक रजत गर्ग को नोटिस जारी किया गया है।

**खास बात**

- बुधवार को फैक्टरी में हुआ था हादसा, झुलस गए थे पांच मजदूर

रजत गर्ग से कारखाना अधिनियम के तहत जवाब मांगा गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्लांट में हादसे के वक्त मौके पर मौजूद मजदूरों से बयान लिया गया है। मालिक को कारखाना अधिनियम की धारा 41, 73, 73e और 7a2a के तहत रजत गर्ग को नोटिस जारी किया गया है।

बुधवार को सुबह करीब 7बजे मां शिवा स्टील एंड एलॉयज में हाई टेम्प्रेचर की वजह से मेटल बॉयलिंग हो गया था। इसमें पांच मजदूर झुलस गए थे। दो तो काफी गंभीर हैं जिनको रायपुर रेफर कर दिया गया था। दो का इलाज जिंदल अस्पताल में चल रहा था। उनकी हालत ठीक होने की बात कही जा रही है। दूसरी ओर गुरुवार को मां शिवा स्टील एंड एलॉयज में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उप संचालक राहुल पटेल जांच के लिए पहुंचे थे। प्रारंभिक जांच में प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है। इसके लिए मालिक रजत गर्ग को पहले नोटिस जारी किया गया है। तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी तो मिली है कि संचालक के खिलाफ पुलिस में मामला भी दर्ज कराया जा सकता है।

### ठेके में चल रहा प्लांट

वर्तमान में जिले के अधिकांश प्लांट ठेका श्रमिकों के भरोसे संचालित हो रहा है। मां शिवा स्टील एंड एलॉयज प्लांट भी ठेका श्रमिकों के भरोसे ही चल रहा है। यहां के ठेकेदार करीब 12 मजदूर रखा है। उसमें इंजीनियर, सुपरवाईजर से लेकर लेबर तक शामिल हैं। इनके द्वारा ही प्लांट को चलाया जा रहा था। जल्दी के चक्कर में भठ्ठी के टेम्प्रेचर को हाई करने की जानकारी मिली है। इसके कारण मेटल बॉयलिंग हो गया और पांच मजदूर झुलस गए।

### नाजुक है हालत

जिन दो मजदूरों को इलाज के लिए रायपुर के कालडा अस्पताल में भर्ती कराया गया है उन दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। उपचार तो चल रहा है, लेकिन स्थिति में सुधार अब तक नहीं होने की बात कही जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि उनके इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जा रही है।

### जांच में लापरवाही सामने आई है

हादसे के बाद प्लांट में जांच की गई है। प्रारंभिक जांच में लापरवाही सामने आई है। मां शिवा स्टील एंड एलॉयज प्लांट के मालिक रजत गर्ग को कारखाना अधिनिय के तहत नोटिस जारी की गई है। साथ ही भट्ठी नंबर 3 को सील कर दिया गया है।

**-राहुल पटेल**
उप संचालक , औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग

## जमानत पर रिहा हुए रवि, जेल में भी किया आमरण अनशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



आदिवासी नेता रवि भगत को बीते दिनों शासन की ओर से छात्राओं को साइकिल वितरण के दौरान उक्त साइकिलों की गुणवत्ता पर सवालिया निशान उठाते हुए हंगामा करने और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जहां से गुरूवार को वे जमानत पर बाहर आए। बता दें कि जेल भी वे छात्राओं को बेहतर गुणवत्ता वाले साइकिल उपलब्ध कराने और गुणवत्ताहीन साइकिल का वितरण करने के विरोध में आमरण अनशन पर थे। इस दौरान भी उन्होंने छात्राओं को गुणवत्ताहीन साइकिल के वितरण को रोकने तथा इसके के लिए दोषी अधिकारियों पर विधिवत कार्रवाई की मांग की थी।

जेल से बाहर आने के बाद रवि भगत ने वर्तमान की बीजेपी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार राज्य की सत्ता में काबिज होने के दौरान उन्होंने कई मुद्दों को उठाया, कई बार विरोध प्रदर्शन भी किया, किंतु उस वक्त वे कभी जेल नहीं गए, लेकिन इन बार जब वे भाजपा से अलग हैं और छात्राओं के मुद्दों पर सवाल उठा रहे हैं तो उन्हें जेल भेज दिया गया। 1 अगस्त को रवि भगत ग्रामीणों के साथ लैलूंगा की जर्जर सड़क के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले भी किए गए धरना प्रदर्शन में प्रशासन को तय समयसीमा के भीतर में इस जर्जर हो चुकी सड़क की दशा सुधारने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक इस सड़क की दशा सुधारने को लेकर धरातल पर काम शुरू नहीं हो सका है।

**कल जर्जर सड़क के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर करेंगे विरोध प्रदर्शन**



## आईजी ने कहा- जांच में तकनीक का ज्यादा से ज्यादा करें प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) राम गोपाल गर्ग ने रायगढ़ जिले की पुलिस व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रोफेशनल पुलिसिंग, समयबद्ध विवेचना और तकनीक का अधिकतम उपयोग जरूरी है।

मुख्यमंत्री के रायगढ़ प्रवास कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों के साथ अपराध नियंत्रण एवं नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान आईजीपी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि भारत सरकार द्वारा नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जा रही है। ऐसे में प्रत्येक जिले को अपने प्रदर्शन में सुधार लाने के साथ-साथ विवेचना की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सात वर्ष या उससे अधिक सजा वाले मामलों की विवेचना 90 दिनों के भीतर तथा अन्य मामलों की विवेचना 60 दिनों के भीतर पूरी कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया जाए। लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर समयसीमा के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। आईजीपी ने कहा कि सामान्य प्रकृति के मामलों का यथासंभव आठ दिनों के भीतर निराकरण किया जाए, जबकि जटिल मामलों में एसडीओपी के मार्गदर्शन में गुणवत्तापूर्ण विवेचना की जाए। उन्होंने ई-साक्ष्य संकलन, ऑडियो-वीडियोग्राफी, सीसीटीएनएस में समय पर प्रविष्टि, डिजिटल सिग्नेचर और पोर्टल के उपयोग को अनिवार्य बताते हुए पुलिसिंग में तकनीक के अधिकाधिक इस्तेमाल पर जोर दिया। न्यायालयीन पेशियों में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। संपत्ति संबंधी अपराधों को लेकर आईजीपी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी वैधानिक शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि शिकायत प्राप्त होते ही नियमानुसार तत्काल एफआईआर दर्ज करें।

**बारिश ने खोली सड़कों की पोल, जिम्मेदारों को लेकर अधिकारियों ने साधी चुप्पी**

# रायगढ़ की सड़कों पर जानलेवा गड्ढों से हर दिन बढ़ रहा हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



लगातार हो रही बारिश ने रायगढ़ शहर की सड़कों की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी है। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है। नतीजतन हर दिन दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के सामने दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि एक ओर प्रदेश सरकार ने खुले गड्ढों और निर्माण स्थलों पर तत्काल सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश जारी किए हैं, वहीं दूसरी ओर शहर की सड़कों पर मौजूद जानलेवा गड्ढे इन निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

शहर के कई इलाकों में सड़क के बीच बने गहरे गड्ढों को स्थानीय लोगों ने पेड़ की डालियां, प्लास्टिक की टोकरियां, बास्केट और अन्य अस्थायी संकेतक रखकर चिन्हित किया है, ताकि वाहन चालक समय रहते सावधान हो सकें। यह दृश्य साफ दर्शाता है कि लोग अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं इंतजाम करने को मजबूर हैं, जबकि सड़कों के रखरखाव और मरम्मत की जिम्मेदारी संबंधित विभाग और नगर निगम की है। बारिश के दौरान पानी से भरे गड्ढे सबसे अधिक खतरा पैदा करते हैं। वाहन चालक अक्सर यह समझ नहीं पाते कि सड़क समतल है या उसके नीचे गहरा गड्ढा है। ऐसे में अचानक वाहन असंतुलित होने से दुर्घटनाएं हो सकती हैं। दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और पैदल राहगीरों के लिए यह स्थिति और भी अधिक जोखिम भरी है। रात के समय और कम रोशनी वाले क्षेत्रों में यह खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

### निर्देशों की उड़ी धज्जियां

इसी बीच संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, छत्तीसगढ़ ने हाल ही में प्रदेश के सभी नगर निगमों और नगरीय निकायों को खुले गड्ढों, नालियों और निर्माणाधीन स्थलों पर तत्काल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने विशेष सर्वे अभियान चलाकर ऐसे सभी स्थानों की पहचान करने, गड्ढों को तत्काल भरने अथवा उनके चारों ओर मजबूत बैरिकेडिंग, लोहे की जाली और सुरक्षा घेरा लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माण एजेंसियों को बिना सुरक्षा व्यवस्था के खुदाई वाले स्थान खुले नहीं छोड़ने की हिदायत दी गई है। आवश्यकता पड़ने पर संवेदनशील क्षेत्रों में चौकीदार या सुरक्षाकर्मी तैनात करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### दुर्घटनाओं की बनी रहती है आशंका

विभाग ने प्रत्येक माह की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन भी अनिवार्य रूप से भेजने को कहा है। रायगढ़ शहर में सड़क, नाली और अन्य विकास कार्यों के दौरान लंबे समय तक खुले गड्ढे पड़े रहने की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। कई स्थानों पर चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग या सुरक्षा घेरा तक नहीं लगाया जाता, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। बारिश के मौसम में यह लापरवाही और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि पानी भरने से गड्ढे पूरी तरह छिप जाते हैं।

### इस वजह से दिए गए निर्देश

गौरतलब है कि पिछले वर्ष रायपुर में खुले गड्ढों में गिरने से तीन मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत के बाद राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया था। आयोग ने बच्चों के जीवन और सुरक्षा के अधिकार का हवाला देते हुए सभी नगरीय निकायों को ठोस सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की अनुशंसा की थी। इसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग ने पूरे प्रदेश के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।

## एनजीओ संचालिका से गाली-गलौज चक्रधरनगर थाने में शिकायत दर्ज

**रायगढ़।** शहर के चक्रधरनगर थाना क्षेत्र स्थित बंगलापारा की रहने वाली और योग माया नारी शक्ति फाउंडेशन का संचालन करने वाली मानीनी साहू, पति डॉ. सौरभ प्रधान, ने दो महिलाओं के खिलाफ गाली-गलौज और विवाद करने की शिकायत चक्रधरनगर थाने में दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, 27 जुलाई की रात करीब 9 बजे मोहल्ले की रहने वाली पुष्पा चौहान और रानु चौहान उनके घर के पास पहुंचीं और गली में नाम लेकर बुलाने लगीं। दोनों महिलाओं ने एनजीओ के माध्यम से लोगों का पैसा खाने का आरोप लगाते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और गंदी-गंदी गालियां दीं। उन्होंने दोनों महिलाओं को समझाने का प्रयास किया और पति के आने के बाद बात करने की बात कही, लेकिन इसके बाद भी दोनों ने गाली-गलौज जारी रखी और विवाद करने लगीं। शोर-शराबा बढ़ने पर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## धान की फसल पर चला ट्रैक्टर, एक एकड़ फसल उजाड़ने और जमीन पर कब्जे की कोशिश का आरोप

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में एक किसान ने गांव के ही एक व्यक्ति पर उसकी तैयार धान की फसल ट्रैक्टर से रौंदकर नष्ट करने और जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित किसान ने थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दी है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंडरीमौहा निवासी मुकेश कुमार यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी पट्टे की भूमि पर इस वर्ष धान की खेती की गई थी। बुधवार को ग्राम उदउदा निवासी गजराज सारथी ट्रैक्टर लेकर खेत में पहुंचा और करीब एक एकड़ में लगी धान की फसल को रौंद दिया। इसके बाद उसी जमीन पर दोबारा धान की बुवाई भी कर दी। मुकेश का कहना है कि यह पहली बार नहीं है। उसके अनुसार वर्ष 2024 में किसान मित्र योजना के तहत इसी भूमि पर लगाए गए करीब 500 सागौन के पौधों को भी आरोपी ने ट्रैक्टर से नष्ट कर दिया था। उस समय भी जमीन को अपनी बताते हुए खेती करने का प्रयास किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी दबंगई करता है और जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश करता है।

**जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत**

# शिक्षा जीवन बदलने की सबसे बड़ी ताकतः वित्त मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



पुसौर में स्थित शाउमावि परिसर में गुरुवार को जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 50 लाख की लागत से बनने वाले बीईओ कार्यालय भवन के लिए भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा शिक्षा को उत्सव का स्वरूप देते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन.अर्चन तथा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि किसी भी बच्चे के विद्यालय में प्रवेश के साथ ही उसके सपनों को नई उड़ान मिलती है। शिक्षा वह शक्ति है जो व्यक्ति का ही नहीं, पूरे समाज का भविष्य बदल सकती है। उन्होंने अपने संघर्षपूर्ण जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद लक्ष्य और योजनाबद्ध तैयारी से उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा तक का सफर तय किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसी के अनुरूप मेहनत करें। केवल पढ़ाई करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी तय होना चाहिए कि जीवन में क्या बनना है। उन्होंने कहा कि आज हमारे प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर के अनेक शैक्षणिक संस्थान और अवसर उपलब्ध हैं, जिनकी जानकारी विद्यार्थियों तक पहुंचाना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। यदि कोई विद्यार्थी राष्ट्रीय संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करता है तो उसे हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रतिभाशाली अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को आईएएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिल्ली भेज रही है, जहां रहने और पढ़ाई का खर्च सरकार वहन करती है।



### स्कूल जाना बच्चों के लिए त्योहार जैसा अनुभव बने

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का उद्देश्य केवल नए विद्यार्थियों का प्रवेश कराना नहीं, बल्कि विद्यालय आने को बच्चों के लिए उत्सव जैसा अनुभव बनाना है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि घर में बच्चों के लिए पढ़ाई का एक विशेष कोना तैयार करेंए जहां पुस्तकें और बस्ता व्यवस्थित रखें, ताकि बच्चों में अध्ययन के प्रति आत्मीयता विकसित हो। अभिभावक प्रतिदिन बच्चों से यह अवश्य पूछें कि आज विद्यालय में क्या नया सीखा।

### वित्त मंत्री ने किया इंडियन ओवरसीज बैंक का लोकार्पण

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इंडियन ओवरसीज बैंक की नवीन शाखा का लोकार्पण किया। श्री चौधरी ने फीता काटकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर बैंक की नई शाखा का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार केवल वित्तीय सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने और आम नागरिकों तक शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी है। कार्यक्रम में इंडियन ओवरसीज बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक (रायपुर) गौरी शंकर नायक, सहित जनप्रतिनिधियों, बैंक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### फसल बीमा पंजीयन की आखिरी तारीख आज

**सारंगढ़।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2026 में कृषि और उद्यानिकी फसलों के लिए ऋणी एवं अऋणी कृषकों का फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। किसान बैंक, सहकारी समिति, लोक सेवा केन्द्र, कृषि विभाग के माध्यम से अपने अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाधित रोपाई, रोपण जोखिम अधिसूचित क्षेत्र में कम वर्षा अथवा प्रतिकूल मौसमी दशाओं के कारण अधिसूचित मुख्य फसल की बोआई, रोपण, अंकुरण नहीं हो पाने वाली नुकसान से सुरक्षा प्रदान करेगा, साथ ही ओलावृष्टि, जलभराव, बादल का फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली, चक्रवाती वर्षा एवं बेमौसम होने वाली बरसात से फसल बीमा सुरक्षा प्रदान करता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिले के ऋणी एवं अऋणी कृषक बीमा का लाभ लेने हेतु जिला के सहकारी बैंकों में तथा सेवा सेतु केन्द्रों के माध्यम से आवेदन कर फसल बीमा करा सकते है।

### लाईवलीहुड कॉलेज में मिलेगा विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण

**रायगढ़।** लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रारंभ हो गया है। निर्धारित योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज सोसायटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलेज में इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन, जल वितरण संचालक नल जल मित्र, सोलर पीवी इंस्टॉलर सूर्यमित्र, फ्रंटलाइन हेल्थ केयरगिविंग एसोसिएट नर्सिंग, जीएसटी असिस्टेंट तथा जनरल ड्यूटी असिस्टेंट जैसे पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होना आवश्यक है।

### दिव्यांगजन छात्रवृत्ति के लिए 30 सितंबर तक आवेदन

**रायगढ़।** भारत सरकार के नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल एनएसपी पर ऑनबोर्ड कर दिया गया है। अब दिव्यांग विद्यार्थियों को आवेदन से लेकर छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त करने तक की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से पूरी करनी होगी। चयनित विद्यार्थियों के बैंक खातों में छात्रवृत्ति की राशि सीधे डीबीटी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से भेजी जाएगी। पात्र छात्र-छात्राएं 30 सितंबर तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

### लकवाग्रस्त किसान भी जुड़ा एग्रीस्टैक से

**रायगढ़।** कृषि सेवाओं के डिजिटलीकरण और किसानों को एकीकृत डिजिटल पहचान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में एग्रीस्टैक किसान पंजीयन अभियान तेजी से संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे। इसी कड़ी में धरमजयगढ़ विकासखंड की खम्हार सहकारी समिति ने लकवाग्रस्त किसान घुरसाय के घर पहुंचकर उनका एग्रीस्टैक किसान पंजीयन कराया। समिति की इस पहल से किसान भविष्य में धान उपार्जन सहित विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ लेने से वंचित नहीं रहेंगे। धान उपार्जन, फसल बीमा, कृषि ऋण, अनुदान, सब्सिडी तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए यह पंजीयन आवश्यक किया गया है। जिन खातों में एक से अधिक हिस्सेदार किसान दर्ज हैं, उन सभी का अलग अलग एग्रीस्टैक पंजीयन कराया जा रहा है।

### सायकल मिलने से छात्राओं को मिली नई उड़ान

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत शासकीय हाई स्कूल सिटोंगा में सत्र -2026-27 में अध्ययनरत कक्षा-9वीं की 16 छात्राओं को सरपंच ग्राम पंचायत सिटोंगा कल्पना लकड़ा, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जशपुर टुमनू गोसाई एवं विकासखण्ड स्रोत केन्द्र समन्वयक अजय कुमार चौबे ने साइकिल वितरित की। बालिकाओं को हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी लेने व आत्मरक्षा कर प्रगति पथ पर आगे बढ़ने हेतु अपील की गई।

### नारायणपुर में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर निकली रैली

# बाघ बचेंगे तो जंगल बचेंगे, जंगल बचेंगे तो जीवन बचेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





■ संगोष्ठी और प्रतियोगिताओं के जरिए संरक्षण का संदेश विजेताओं को किया गया सम्मानित

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर बादलखोल अभयारण्य के नारायणपुर रेंज में बुधवार को बाघ संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिनभर चले आयोजनों में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, वन विभाग के अधिकारियों -कर्मचारियों तथा ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली, संगोष्ठी, चित्रकला, स्लोगन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बाघों के संरक्षण का संदेश रैली, संगोष्ठी, चित्रकला, स्लोगन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बाघों के संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

#### अस्तित्व का आधार

रैली के दौरान वातावरण देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण के नारों से गूंज उठा। छात्र-छात्राएं हाथों में जागरूकता तख्तियां लिए हुए चल रहे थे और पूरे उत्साह के साथ नारे लगा रहे थे बाघ बचेंगे, जंगल बचेंगे, जीवन बचेगा। जंगल की हर धड़कन, हमारे अस्तित्व का आधार। रैली के माध्यम से आम नागरिकों से अपील की गई कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए आगे आएं।

#### बाघों की घट रही संख्या

रैली के बाद शासकीय प्राथमिक शाला दाराखरीका में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विद्यार्थियों और ग्रामीणों को बाघों की घटती संख्या, उनके संरक्षण की आवश्यकता, वन्यजीवों के महत्व तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में बाघों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि यदि जंगल सुरक्षित रहेंगे तो जैव विविधता भी सुरक्षित रहेगी और मानव जीवन भी संतुलित रहेगा।

#### रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन

इसी क्रम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर एवं कन्या शाला नारायणपुर में बाघ दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उप निदेशक एलिफेंट रिजर्व सरगुजा श्रीनिवास तनेटि के निर्देश पर अधीक्षक आशुतोष भगत के मार्गदर्शन एवं गेम रेंजर सिद्धार्थ भारती के नेतृत्व में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने चित्रकला, स्लोगन लेखन और निबंध लेखन के माध्यम से बाघ संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने रंगों और शब्दों के जरिए यह संदेश दिया कि प्रकृति और वन्यजीवों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

## पति की हत्या कर शव को सूटकेस में छिपाने वाली पत्नी को उम्र कैद



**जशपुरनगर।** जिले के बहुचर्चित संतोष भगत हत्याकांड में न्यायालय ने ऐतिहासिक एवं कठोर निर्णय सुनाते हुए आरोपी पत्नी मंगरीता भगत उम्र 45 वर्ष को अपने पति की नृशंस हत्या करने तथा साक्ष्य मिटाने का दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है।

7 नवम्बर 2025 की रात्रि थाना दुलदुला क्षेत्र के ग्राम भिंजपुर में घरेलू विवाद के दौरान आरोपी पत्नी ने रसोई में रखे , सील-पत्थर से पति संतोष भगत के सिर एवं कान के समीप कई प्राणघातक वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने फर्श पर फैले रक्त के धब्बों को साफ किया तथा शव को मोड़कर एक बड़े ट्रॉली सूटकेस में ठूंसकर छिपा दिया, ताकि अपराध के साक्ष्य नष्ट किए जा सकें। 9 नवम्बर 2025 को मृतक की पुत्री एवं परिजनों द्वारा घर का ताला खोलने पर सूटकेस के भीतर शव मिलने से पूरे मामले का खुलासा हुआ। न्यायालय में अपर लोक अभियोजक पुष्पा सिंह ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की मजबूत एवं तार्किक श्रृंखला प्रस्तुत करते हुए यह सिद्ध किया कि घटना केवल आरोपी द्वारा ही कारित की गई है। अभियोजन की प्रभावी पैरवी से सहमत होते हुए द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलराम कुमार देवांगन, कुनकुरी ने आरोपी को दोषसिद्ध ठहराया। न्यायालय ने आरोपी को धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता सश्रम आजीवन कारावास एवं 1 हजार अर्थ दंड। धारा 238(क) भारतीय न्याय संहिता के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5 सौ रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अम्बिकापुर।** सामरी मुख्य मार्ग पर पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम गजाधरपुर निवासी गौरी शंकर मंगलवार को गांव के ही बिरबल के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 6627 से काम के सिलसिले से कुसमी जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार सामरी मुख्य मार्ग क्रेशर के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया।

## मनरेगा मजदूरों ने मजदूरी भुगतान में गड़बड़ी का लगाया आरोप, जांच की मांग



**रायगढ़।** पुसौर ब्लॉक के ग्राम तेलीपाली, पोस्ट लोहरसिंह के मनरेगा मजदूरों ने मजदूरी भुगतान में अनियमितता और फर्जी उपस्थिति दर्ज किए जाने का आरोप लगाते हुए श्रम आयुक्त से शिकायत की है। मजदूरों का कहना है कि उन्होंने तालाब गहरीकरण कार्य में कई दिनों तक मजदूरी की, लेकिन मास्टर रोल में उनकी उपस्थिति कम दर्ज कर दी गई, जिससे उन्हें पूरी मजदूरी का भुगतान नहीं मिल पाया।

श्रम आयुक्त को भेजे गए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि वे ग्राम तेलीपाली, पोस्ट लोहरसिंह, के निवासी हैं। उन्होंने मनरेगा के तहत इटारी तालाब गहरीकरण कार्य में लगभग 45 दिनों तक श्रम किया। वास्तविक कार्य अवधि के बावजूद मास्टर रोल में अधिकांश मजदूरों की उपस्थिति केवल दो से तीन दिन ही दर्ज की गई, जिसके कारण उनकी मजदूरी रोक दी गई या कम भुगतान हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजदूरों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें उनकी मेहनत की पूरी मजदूरी नहीं मिल रही है। शिकायतकर्ताओं ने श्रम आयुक्त से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, मास्टर रोल की वास्तविक प्रविष्टियों का सत्यापन करने और सभी पात्र मजदूरों को उनके वास्तविक कार्य दिवसों के अनुसार बकाया मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है। आवेदन पर गोपीलाल नेताम सहित ग्राम तेलीपाली के कई मनरेगा मजदूरों के हस्ताक्षर हैं। मामले में यदि जांच के दौरान शिकायत सही पाई जाती है तो मनरेगा कार्यों में रिकॉर्ड में गड़बड़ी और मजदूरों के अधिकारों के हनन का गंभीर मामला सामने आ सकता है। फिलहाल मजदूरों को श्रम विभाग की कार्रवाई का इंतजार है।

## गुरु पूर्णिमा पर अघोर गुरु पीठ में उमड़ी भीड़



**रायगढ़।** गुरु पूर्णिमा के दिन बनोरा की पावन धरती आज एक बार फिर गुरु शिष्य परंपरा के अदभुत संगम की गवाह बनी। अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा में सुबह से ही अघोरा नाम परों मंत्रम नास्ती तत्वं गुरोरू परम के मंत्रोच्चार गूंजने लगे और दूर दूर से आए भक्तों की भीड़ ने बनोरा की धरती भक्तिमय हो गई। राजनीतिक, सामाजिक, औद्योगिक धार्मिक, व्यापारिक मीडिया जगत से जुड़े पदाधिकारियों सहित जनता देश के विभिन्न राज्यों प्रदेश के अधिकांश भक्तों ने गुरु बाबा प्रियदर्शी राम जी का आशीर्वाद हासिल किया। अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा में जाति, धर्म और दल की सीमाएं मिट गईं और सब लोग श्रद्धापूर्वक कतार बद्ध होकर गुरु चरणों में शीश नवाते नजर आए। गुरु पूर्णिमा पर छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी बनोरा पहुंचे। उन्होंने उपासना स्थल पर अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी की प्रतिमा के दर्शन कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी को माला अर्पित कर चरण स्पर्श किया और आशीर्वाद लिया। सीएम साय ने कहा अघोर गुरुपीठ ब्रह्मनिष्ठालय बनोरा केवल आध्यात्मिक चेतना का केंद्र नहीं है। समाजसेवा, शिक्षा और चिकित्सा के माध्यम से यह राष्ट्र निर्माण में भी सतत योगदान दे रहा है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा पूज्य बाबा जी के आशीर्वचन समाजिक बदलाव का शशक्त माध्यम बन रहे है। शिक्षा चिकित्सा के क्षेत्र में संस्था के कार्य सराहनीय है। कलेक्टर पुलिस अधीक्षक सहित सभी दलों के जनप्रतिनिधियों नगर निगम में भाजपा कांग्रेस से जुड़े पार्षदों कांग्रेस संगठन से जुड़े कद्दावर नेताओं ने भी गुरु दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सारंगढ़ पूर्व विधायिका पद्मा मनहर ने भी बाबा के यहां शीश नवाया।

## महिला उद्यमियों को मिलेगा डिजिटल ऋण, सात जनपदों के 100 प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण



**रायगढ़।** महिला स्व सहायता समूहों को व्यक्तिगत उद्यम ऋण सुविधा से जोड़ने के उद्देश्य से ऑनलाइन ऋण आवेदन प्रक्रिया पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायत प्रशिक्षण केंद्र रायगढ़ में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के सातों जनपद पंचायतों के वित्त सखी एवं एफएलसीआरपी ने भाग लिया। दो बैचों में आयोजित प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 22 से 24 जुलाई तक जनपद पंचायत धरमजयगढ़, लैलूंगा, पुसौर एवं रायगढ़ के प्रतिभागी शामिल हुए। वहीं द्वितीय चरण में 27 से 29 जुलाई तक खरसिया, तमनार एवं घरघोड़ा जनपद पंचायतों के प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। दोनों बैचों में लगभग 100 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन व्यक्तिगत उद्यम ऋण आवेदन की प्रक्रिया, दस्तावेजों की पूर्ति एवं डिजिटल माध्यम से ऋण आवेदन करने की तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

## बनगांव आश्रम चौक से मुड़ाटोली तक बनेगी सड़क

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए एक और महत्वपूर्ण सौगात दी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार बनगांव आश्रम चौक से मुड़ाटोली पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 4 करोड़ 89 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। लंबे समय से इस सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसके पूरा होने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों पुरानी मांग पूरी होने से आवागमन की समस्या दूर होगी और शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि तथा व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। जशपुर जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं। जिले के ग्रामीण अंचलों में सड़क निर्माण के अनेक कार्य स्वीकृत होने से अब गांव-गांव तक बेहतर सड़क संपर्क स्थापित हो रहा है। इससे लोगों का सफर आसान होने के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक विकास को भी मजबूती मिल रही है।

## गर्ल्स कालेज का लैब टेक्नीशियन निलंबित

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय के शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय में छात्राओं से कथित छेड़छाड़ और 'बैड टच' के आरोपों के बाद बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई को अंजाम दया गया है। महाविद्यालय के लैब टेक्नीशियन अजय गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले में जिला प्रशासन द्वारा कराई गई जांच के दौरान करीब 50 छात्राओं के बयान दर्ज किए गए। शिकायतों में छात्राओं ने अजय गुप्ता पर कथित तौर पर छेड़छाड़, अनुचित स्पर्श और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए। जांच प्रतिवेदन के आधार पर आयुक्त, सरगुजा संभाग ने कार्रवाई करते हुए निलंबन का आदेश जारी किया। 28 जुलाई 2026 को जारी आदेश में कहा गया है कि जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए हैं। इसके आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत अजय गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# बीईओ, एबीईओ, बीआरसी ने ली प्राचार्यों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



बीईओ, एबीईओ, बीआरसी ने विकासखंड के समस्त हायर सेकेंडरी एवं हाईस्कूल के प्राचार्यों की विभागीय समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में कहा गया कि सीजीवीएस के माध्यम से शिक्षको एवं गैर शिक्षकीय कर्मचारियों का शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य, अपार आईडी सभी बच्चों का बने, विधार्थियों का शत प्रतिशत उपस्थिति हो, लगातार अनुपस्थित विधार्थियों के पालकों को संपर्क कर नियमित उपस्थिति हो ,जाति प्रमाण पत्र पात्र विधार्थियों अनिवार्य बने इस योजना बनाकर कार्य करें, पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण, छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन, योजना को सफल संचालन हो सतत निगरानी करने की बात कही गई। यशस्वी जशपुर के निर्देशों को सअक्षर पालन स्वयं प्राचार्य करें और समस्त शिक्षकों करने के लिए निर्देशित करें। विज्ञान प्रयोगिक कार्य विधालय नियमित हो, स्मार्ट क्लास सुचारू रूप से विद्यालयों में संचालित हो विधार्थी इसका भरपूर लाभ ले सकें, राज्य, जिला स्तर पर शिक्षक पुरस्कार में पंजीयन करें तथा शिक्षकों पुरस्कार के लिए अग्रिम तैयारीयां करने के प्रेरित करें। इंस्पायर अवार्ड माध्यमिक, हायर, हाई में पंजीयन अधिक से अधिक विधार्थियों है। प्राथमिक शालाओं में जिला स्तर के कार्यक्रम जश लर्न के गतिविधियों तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो इस विशेष ध्यान दें। प्रति सप्ताह कम से कम दो विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

## मनोरा में औसत से 24 प्रतिशत अधिक बारिश

**जशपुरनगर।** जिले में मानसून की गतिविधियां जारी हैं। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त वर्षा जानकारी के अनुसार 30 जुलाई तक जिले में 1 जून से अब तक औसतन 391.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले 10 वर्षों की इसी अवधि की औसत वर्षा 521.9 मिलीमीटर का 75.1 प्रतिशत है। गुरुवार को जिले में औसतन 10.3 मिलीमीटर दैनिक वर्षा रिकॉर्ड की गई। जिले में मानसूनी वर्षा की नियमित निगरानी की जा रही है ।

## मृतकों के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 5 प्रकरणों में कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा कुल 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा एवं आकस्मिक जनहानि के प्रकरणों में प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के साथ की जा रही है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सरिया, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
रा.मा.क्र. ब-121 वर्ष 2025-26
ग्राम छेवारीपाली प ह.नं. 10
रा.नि.मं- सरिया तहसील सरिया

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवानंद पण्डा पिता विजयशंकर पण्डा निवासी छेवारीपाली तहसील सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ0ग0 के द्वारा अपने माता अनुछाया का मृत्यु दिनांक 28.08.2009 (शब्दों में अट्ठाईस अगस्त दो हजार नौ) को ग्राम छेवारीपाली में मृत्यु होने से तथा समयावधि में पंजीयन दर्ज नहीं करा पाने से जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र, अनुपलब्धता, चालान एवं शपथ पत्र एवं दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 05.08.2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सरिया**

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%


| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



# दुनिया भर में आज रिलीज होगा रामायण का ट्रेलर...

**मुंबई।** 'रामायण' का ट्रेलर 30 जुलाई को भारतीय समय के अनुसार सुबह 4 बजकर 15 मिनट पर रिलीज किया जाएगा। खबर यह भी है कि आज रिलीज हो रही हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडरमैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ 'रामायण' का ट्रेलर अटैच रहेगा। इससे पहले ट्रेलर 24 जुलाई को रिलीज होने वाला था। हालांकि, बाद में मेकर्स ने इसे टाल दिया। 'रामायण' के निर्माता नमित मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के ट्रेलर के रिलीज होने की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा 'शुभ ब्रह्म मुहूर्त में, हम 30 जुलाई , गुरुवार को सुबह 4:15 बजे दुनिया भर में अपने ट्रेलर के साथ रामायण के आगमन का स्वागत करते हैं।'

लाइफ Style


# काजल

## असिस्टेंट डायरेक्टर ने की शर्मनाक हरकत

बॉलीवुड में अक्सर हम देखते हैं कि एक्ट्रेसेस ही नहीं एक्टर भी अपने साथ हुए हैरेसमेंट को लेकर शॉकिंग बातें शेयर करते हैं। कई स्टार्स ने बचपन में खुद के साथ हुए हैरेसमेंट को लेकर भी खुलासे किए। ऐसे में अब एक जानी मानी एक्ट्रेस ने अपने साथ हुई एक शॉकिंग घटना के बारे में बताया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस का कहना है कि फिल्म सेट पर एक फैन से हुई मुलाकात ने उन्हें काफी परेशान कर दिया था। ये कोई और नहीं, बल्कि साउथ इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेस काजल अग्रवाल हैं। काजल ने अपने कॅरियर में कई शानदार फिल्में दी हैं। यही नहीं, उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी जबरदस्त है। हाल ही में काजल ने खुद के साथ हुई एक शॉकिंग घटना का जिक्र किया। काजल ने बताया कि एक असिस्टेंट डायरेक्टर बिना उनकी परमीशन के उनके कारवां में घुस आया, जब वह अकेली थीं। इसके बाद वो अपने अपने शरीर पर काजल के नाम का टैटू दिखाने लगा, जिसने एक्ट्रेस को चौंका दिया। हालांकि, उन्होंने इस जेस्चर की तारीफ की, लेकिन उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह सब हुआ, वह हद पार करने जैसा था। काजल ने उस घटना को याद करते हुए कहा, 'कुछ दिन पहले, एक फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद मैं अपने कारवां में आराम कर रही थी। तभी, फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम करने वाला एक व्यक्ति बिना इजाजत लिए अचानक मेरे कारवां में घुस आया। उसने तुरंत अपनी शर्ट उतारी और मुझे अपनी छाती पर बना मेरे नाम का टैटू दिखाया। मैं इस घटना से इतनी हैरान रह गई कि मेरे हाथ-पैर कांपने लगे।'



हॉलीवुड मसाला



# जुमानजी गेम का टूट गया कंट्रोल

**लॉस एंजिल्स।** सोनी ने 'जुमानजी' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त 'जुमानजीः ओपन वर्ल्ड' का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में ड्वेन जॉनसन, केविन हार्ट, जैक ब्लैक और कैरेन गिलन की झलक देखने को मिलती है। 3 मिनट 6 सेकंड के ट्रेलर में नजर आ रहा है कि जुमानजी गेम का कंट्रोल टूट गया है। वीडियो गेम के किरदार असली दुनिया में आ गए हैं। जंगल के खतरनाक जानवर खुलेआम सड़कों पर तबाही मचा रहे हैं। गेम के हीरो मिलकर इस खेल को रोकने की कोशिश करते हैं।



# बायोपिक के लिए एक्ट्रेस का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन...

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड सिनेमा की लोकप्रिय अदाकाराओं के बारे में जिक्र किया जाए को उसमें डकोटा जॉनसन का नाम शामिल होता है। फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे जैसी फिल्मों से फैंस का दिल जीतने वालीं डकोटा इस वक्त अपनी एक अपकमिंग फिल्म के लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। जो हॉलीवुड की वेटरन एक्ट्रेस और गायिका रहीं मर्लिन मुनरो के जीवन पर आधारित होगी। ये एक शॉर्ट फिल्म होगी, जिससे अब डकोटा जॉनसन का फर्स्ट लुक सामने आ गया है, जिसे देख आप मर्लिन और डकोटा में फर्क नहीं निकाल पाएंगे। हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार डकोटा जॉनसन कितनी कमाल की और मेहनती एक्ट्रेस हैं, उसका अंदाजा आप मर्लिन मुनरो की बायोपिक शॉर्ट फिल्म फ्लैश इम्पेक्ट के फर्स्ट लुक को देखकर आसानी से लगा सकते हैं।



# चकदा एक्सप्रेस रिलीज न हो पाने का अफसोस

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की बायोपिक 'चकदा एक्सप्रेस' रिलीज नहीं हो सकी है। इसका अभिनेत्री रेणुका शहाणे को अफसोस है। उनका कहना है कि पूरी टीम ने इस फिल्म पर काफी मेहनत की थी और झूलन गोस्वामी जैसी दिग्गज क्रिकेटर की प्रेरणादायक कहानी ऑडियंस तक पहुंचनी चाहिए थी। रेणुका शहाणे ने कहा, 'मुझे दुख है, क्योंकि चकदा एक्सप्रेस बहुत अच्छी बनी है। इसके निर्देशक प्रोसित रॉय ने काफी मेहनत की है। अनुष्का शर्मा समेत पूरी टीम ने इस फिल्म के लिए बहुत मेहनत की। पीरियड फिल्म बनाना प्रोडक्शन के स्तर पर काफी चुनौतीपूर्ण और खर्चीला होता है। इसे बहुत बारीकी से तैयार किया गया है।' उन्होंने आगे कहा, 'सबसे अहम बात यह है कि यह झूलन गोस्वामी जैसी उम्दा क्रिकेटर की कहानी है।



# आर्यभट्ट में कभी हार न मनाने का मैसेज

**मुंबई।** रवि किशन, शिल्पा शिंदे और हिमांश कोहली से सजी फिल्म 'आर्यभट्ट का जीरो' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म फिर से आपको एक आईएएस बनने की चाह रखने वाले लड़के के पास ले जाएगी। इसकी दमदार कास्ट कहानी में रंग भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। । 'आर्यभट्ट का जीरो' 7 अगस्त, को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 2 मिनट 38 सेकंड का यह ट्रेलर एक साधारण लड़के की असाधारण यात्रा की झलक दिखाता है, जो असफलताओं, टूटे सपनों, दिल टूटने, पारिवारिक जिम्मेदारियों और लगातार सामाजिक मजाक से जूझते हुए सम्मान और आत्मसम्मान की तलाश करता है। पिता-बेटे का भावुक रिश्ता, जीवन की सबसे कठिन चुनौतियां और कभी हार न मानने का मैसेज ट्रेलर को खास बनाते हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा को 18 साल पूरे, मनाया गया जश्न

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिर्फ एक सीरियल नहीं, बल्कि इमोशन बन चुका है। सीरियल का सफर साल 2008 में आज के ही दिन शुरू हुआ था। 28 जुलाई को इस सीरियल ने 18 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर जश्न भी भव्य मनाया गया। मेकर्स ने इवेंट आयोजित किया। जहां, जेठा लाल यानी दिलीप जोशी, बापू जी (अमित भट्ट) और पोपटलाल (श्याम पाठक) को एक साथ देखा गया। शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को देखते हुए एक पूरी पीढ़ी बड़ी हो गई है। आज भी यह पसंदीदा शो बना हुआ है। पूरा परिवार साथ बैठकर इसका लुत्फ उठाता है। सीरियल के 18 साल पूरे होने पर जश्न मनाया गया, जहां सीरियल की कास्ट शामिल हुई। इवेंट में जेठा लाल, पोपटलाल और बापूजी साथ नजर आए। इस दौरान तीनों ने पैप्स को पोज दिए। इस आइकॉनिक सीरियल में बापूजी का किरदार एक्टर अमित भट्ट निभाते हैं। उनकी उम्र 53 वर्ष है। शो में अपने ट्रांसफॉर्मेशन के लिए वे टोपी का सहारा लेते हैं। इसी के जरिए वे अपने काले बाल छिपाते हैं। एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसी बीच अभिनेत्री मुनमुन दत्ता का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है। 'तारक मेहता' में मुनमुन को बबीता जी की भूमिका में देखा जाता है। वायरल वीडियो में वे पैपराजी पर नाराज होती दिख रही हैं। सीरियल को 18 साल पूरे होने पर निर्माता असित मोदी ने पोस्ट साझा कर खुशी जताई है। उन्होंने लिखा, '18 साल! यकीन नहीं होता कि आज इस सफर को पूरे 18 साल हो गए।

## ओटीटी पर दिखेगी महाभारत के वीर योद्धा की कहानी

**नई दिल्ली।** महाकाव्य महाभारत सिनेमा जगत का सबसे लोकप्रिय माइथोलॉजिकल जॉनर माना जाता है। बी आर चोपड़ा के महाभारत टीवी सीरियल से लेकर अब तक कई सारे धारावाहिक, फिल्म और सीरीज का निर्माण किया जा चुका है। अब इस मामले में एक और नई सीरीज द लीजेंड ऑफ करण का नाम शामिल हो रहा है, जिसमें महाभारत के वीर योद्धा कर्ण की कहानी को दर्शाया जाएगा। द लीजेंड ऑफ करण की ओटीटी रिलीज की तरफ तो पौराणिक कहानी वाली इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 31 जुलाई 2026 को ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा। महाभारत के सबसे लोकप्रिय और चर्चित पात्र में कर्ण का नाम शामिल होता है। अब उनके व्यक्तिगत जीवन पर आधारित द लीजेंड ऑफ करण का निर्माण किया गया है। इससे पहले आपको अर्जुन और भगवान कृष्ण जैसे महाभारत पात्रों पर सीरीज और टीवी शोज देखने को मिले होंगे। ऐसा पहली बार होगा जब कर्ण पर कोई सोलो सीरीज बन रही है।



# दो पार्ट में बनेगी राका शाहरुख करेंगे स्पेशल कैमियो

**मुंबई।** पुष्पा स्टार अल्लू अर्जुन अब जवान के डायरेक्टर एटली के डायरेक्शन में बन रही साइंस-फिक्शन फिल्म 'राका' से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने की तैयारी में हैं। ये एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट बताया जा रहा है और इसते हाई-एंड वीएफएक्स लिए इंटरनेशनल स्टूडियोज के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। वहीं,अब एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 'राका' दो पार्ट में बनेगी। शाहरुख खान का फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस अभी शूट नहीं हुआ है और इसे विदेश में होने वाले शेड्यूल के दौरान शूट किया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'राका' एक ऐसी कहानी दिखाएगी जो दो अलग-अलग दौर पर आधारित है। पहला हिस्सा आदिवासी पौराणिक वैदिक काल का होगा और दूसरा हिस्सा मौजूदा समय का बताया जा रहा है। जहां मृणाल ठाकुर आधुनिक दौर में लीड रोल में होंगी तो वहीं दीपिका पादुकोण, जाह्नवी कपूर और रश्मिका मंदाना



ऐतिहासिक दौर का हिस्सा होंगी। ये फिल्म 1000 करोड़ से ज्यादा के बजट में बनाई जा रही है। इस प्रोजेक्ट में चेम्बन विनोद जोस, योगी बाबू और फेमिना जॉर्ज भी नज़र आएंगे। विजय सेतुपति भी फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं। हालांकि, मेकर्स ने अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण के अलावा बाकी कास्ट की ऑफिशियली कंफर्मेशन नहीं दी है।

# फिर साथ में काम करने के लिए तैयार शरवरी-वेदांग, इम्तियाज से मिलाया हाथ

*फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में दर्शकों की दिल जीतने के बाद शरवरी वाघ और वेदांग रैना एक बार फिर एक नए प्रोजेक्ट में एक-साथ नजर आने वाले हैं। खबरों की मानें तो इन कलाकार को निर्देशक इम्तियाज अली की अगली रोमांटिक फिल्म में लीड रोल के लिए साइन किया गया है। इसकी शूटिंग नवंबर में शुरू हो सकती है।*

**मुंबई।** लंबे समय तक चली राइटिंग प्रोसेस के बाद बिना नाम वाली फिल्म की पटकथा पूरी हो गई है। इसका मुख्य डेवलपमेंट का काम पूरा हो चुका है। कास्टिंग भी पूरी हो गई है और अब प्रोडक्शन टीम लोकेशन खोजने, शेड्यूल बनाने और दूसरी योजना पर ध्यान देगी। ताकि इस साल के आखिर में शूटिंग शुरू हो सके।

प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मेकर्स को भरोसा है कि सब कुछ सही चल रहा है। टीम अब प्री-प्रोडक्शन के आखिरी स्टेज में है और यह पक्का कर रही है कि नवंबर में प्रोडक्शन शुरू होने से पहले सभी क्रिएटिव और टेक्निकल इंतजाम पूरे हो जाएं। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि इम्तियाज अली को लगता है कि शरवरी और वेदांग रैना फिल्म के इमोशनल माहौल के लिए एकदम सही हैं। दोनों एक्टर्स ने हाल के कुछ परफॉर्मेंस से अपनी अच्छी पहचान बनाई है।



उनका साथ आना इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खूबियों में से एक होगा।'मैं वापस आऊंगा' में उनकी जोड़ी चर्चा में रही थी। दूसरी बार उनका साथ आना उन दर्शकों के लिए और भी रोमांचक है, जो उन्हें फिर से साथ देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। 'मैं वापस आऊंगा' इसी साल 12 जून को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया है।

## एक्शन से लेकर क्राइम, थ्रिलर और रोमांस का फुल डोज

# अगस्त का महीना होगा धमाकेदार, थिएटर्स में रिलीज होंगी ये दमदार फिल्में

*नई दिल्ली। अगस्त का महीना मूवी लवर्स के लिए बेहद खास होने वाला है। अगस्त में आपको एंटरटेनमेंट का भरपूर डोज मिलेगा। ये महीना भी थिएटर में एक से बढ़कर एक फिल्में रिलीज होने वाली हैं। जुलाई की तरह ही आप इस महीने भी मनोरंजन का पूरा मजा लेने वाले हैं। इस महीने एक दो नहीं बल्कि 12 धमाकेदार फिल्में थिएटर में बवाल मचाएंगी। इसमें आपको एक्शन से लेकर क्राइम, थ्रिलर और रोमांस का फुल डोज मिलने वाला है।*

### प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी

अगस्त की शुरुआत राजकुमार राव की फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' से होने वाली है। इस फिल्म को लेकर राजकुमार काफी चर्चा में हैं। ये एक भारतीय कोर्टरूम ड्रामा और बायोग्राफिकल फिल्म है। इस फिल्म को विनाश अरुण धवरे ने निर्देशित किया है। प्रहार में राजकुमार ने पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (सरकारी वकील) उज्ज्वल निकम का किरदार निभाया है। ये मूवी 7 अगस्त का थिएटर में रिलीज होने वाली है।

### डीसी

'डीसी' एक तमिल रोमांटिक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इस मूवी को मशहूर डायरेक्टर अरुण मथेश्वरन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में लोकेश कनगराज मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में लोकेश कनगराज देवदास के रूप में और वामिका गब्बी चंद्रा के रूप में नजर आएंगे। यह फिल्म 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।




### जी.डी.एन

आर. माधवन की आगामी बायोपिक फिल्म 'जी.डी.एन' महान भारतीय आविष्कारक और उद्योगपति गोपालस्वामी दोरईस्वामी नायडू (जी.डी. नायडू) के जीवन पर आधारित है, जिन्हें 'भारत का एडिसन' कहा जाता है। यह फिल्म अब 7 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। मूवी को कृष्ण कुमार रामकुमार ने डायरेक्ट किया है। आर. माधवन के आलवा मूवी में प्रियामणि, सत्यराज, और जयराम अहम भूमिका में हैं।

### थोडक्कम

मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मोहनलाल की फिल्म 'थोडक्कम' 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन लोकप्रिय निर्देशक जूड एंथनी जोसेफ ने किया है, जो ऑस्कर के लिए नामांकित हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म '2018' के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं।

### विश्वनाथ एंड संस

विश्वनाथ एंड संस अभिनेता सूर्या की एक आगामी पारिवारिक और रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जो 14 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन वेंकी अटुलुरी ने किया है। मूवी में सूर्या के अलावा मामिता बैजू, राधिका सरथकुमार और रवीना टंडन अहम किरदार में हैं।

### बंटवारा 1947

सनी देओल एक बार फिर से बवाल मचाने के लिए तैयार हैं। सनी की फिल्म 'बंटवारा 1947' 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होने वाली है। इसी दिन एक और बड़ी फिल्म रिलीज होने वाली है। सनी का सामना इसी दिन इमरान हाशमी की 'आवारापन 2' से होने वाला है। बता दें कि 'बंटवारा 1947' आमिर खान के प्रोडक्शन की फिल्म 'बंटवारा 1947', जो एक देशभक्ति मूवी है। इस फिल्म में सनी देओल, प्रीति जिंटा, शबाना आजमी, करण देओल और अली फजल अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है।

## खबर संक्षेप



### डिप्टी कलेक्टर को मिला बरमकेला जपं का प्रभार

**बरमकेला।** जनपद पंचायत बरमकेला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ अजय पटेल के स्थानांतरण के बाद डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिक्षा शर्मा को सीईओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। गुरुवार को उन्होंने विधिवत पदभार ग्रहण कर अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन प्रारंभ कर दिया।
डिप्टी कलेक्टर स्तर की अधिकारी के जनपद पंचायत बरमकेला के सीईओ पद पर आसीन होने से क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं। जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों और आम नागरिकों को विश्वास है कि उनके प्रशासनिक अनुभव का लाभ जनपद पंचायत के कामकाज में देखने को मिलेगा और लंबित विकास कार्यों के साथ साथ शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी। जनपद पंचायत बरमकेला ग्रामीण विकास की दृष्टि से जिले की महत्वपूर्ण जनपद पंचायतों में शामिल है।

### नगर पंचायत में श्रावणी मेले का आयोजन

**बरमकेला।** पावन श्रावण मास के शुभ अवसर पर नगर पंचायत बरमकेला में आयोजित प्रथम वर्ष श्रावणी मेला महोत्सव का भव्य शुभारंभ धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण के बीच किया गया। भगवान भोलेनाथ को समर्पित इस दिव्य आयोजन में पूरे श्रावण मास भर प्रतिदिन द्वादश ज्योतिर्लिंगों का विशेष पूजन, रुद्राभिषेक एवं महाभिषेक किया जाएगा। आयोजन स्थल इंदिरा चौक स्थित मां दुर्गा मंडप को आकर्षक धार्मिक सजावट से सजाया गया है, जहां सुबह से ही शिवभक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व माना जाता है। इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए नगरवासियों के सहयोग से श्रावणी मेला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान देश के प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों का प्रतीकात्मक स्वरूप स्थापित कर उनका वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिदिन महाभिषेक किया जाएगा।

### अति वृष्टि से किसानों में छायी मायूसी

सरसींवा। बिलाईगढ़ तहसील के वनांचल क्षेत्र, से लेकर सरसीवा एवं कई ग्राम में अति वृष्टि होने से किसानों में मायूसी छाई हुई है। वनांचल क्षेत्र में अचानक हुई बारिश से किसानों के खेत पानी से भर गया है। खेतों में अधिक पानी भर जाने से खेतों के मेढ़ पूरी तरह से टूट चुके हैं, नदी नाले उफान पर है, चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रही है, आज की स्थिति में खेतों के मेढ़ो को सही बना पाना संभव नहीं है। किसानों को प्रत्येक मेढ़ो को सुधारने में हजारों रुपये की खर्च लग जा रहा है, बारिश की स्थिति को देखते हुए किसान चिंतित हैं, और उनके मन में मायूसी छाई हुई है, और कई प्रकार के डर सताने लगी हैं। वर्तमान में आवश्यकता से अधिक बारिश हो जने के कारण समय पे जब खेतों में पानी की जरूरत पड़ने पे बारिश नहीं होने का डर सता रहा है। इस बात को लेकर किसान अभी से चिंतित हैं।

### आज करेंगे सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

**सरिया।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेवानिवृत्ति नहीं, आध्यात्मिक सेवा का स्वर्णिम अवसर विषय पर निवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन 1 अगस्त शुक्रवार को शाम 5 बजे किया गया है। इस अवसर पर समाज के सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कर उनके शिक्षा, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाएगी। कार्यक्रम में राजयोग मेडिटेशन एवं ईश्वरीय ज्ञान के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि जीवन की दूसरी पारी आध्यात्मिक जागृति, आत्मिक सशक्तिकरण और मानवता की सेवा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों को राजयोग के द्वारा तनावमुक्त, मूल्यनिष्ठ एवं आनंदमय जीवन जीने की प्रेरणा दी जाएगी।

# ओपी जिंदल विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह कल

**राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे उपाधि एवं पदक प्रदान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार



ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ का 6वां दीक्षांत समारोह 1 अगस्त 2026 को ओपी जिंदल स्कूल, रायगढ़ के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को उपाधि एवं पदक प्रदान करेंगे। विदित हो कि दीक्षांत समारोह किसी भी विश्वविद्यालय एवं उसके विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर होता है।

यह केवल शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के परिश्रम, समर्पण और सफलता का गौरवपूर्ण प्रतीक भी है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। दीक्षांत समारोह में भाग लेना, स्नातक पोशाक धारण करना तथा डिग्री प्रमाण पत्र प्राप्त करना प्रत्येक छात्र का सपना होता है। अतः यह दिन न केवल विद्यार्थियों के लिएए बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण होता है। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय का षष्ठम दीक्षांत समारोह अत्यंत गरिमामय रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जिंदल स्टील के चेयरमैन नवीन जिंदल, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, रायपुर के अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार गोयल, विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती शालू जिंदल, जिंदल स्टील, रायगढ़ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर देबोज्योति रॉय एवं अन्य विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। इस 6वें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एवं स्कूल ऑफ साइंस के कुल 688 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की जाएंगी। साथ हीए 27 स्वर्ण, 28 रजत एवं 29 कांस्य पदक भी प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। ओपीजेयू के कुलसचिव डॉ. अनुराग विजयवर्गीय ने जानकारी देते हुए बताया कि दीक्षांत समारोह के दौरान ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार अकादमिक वर्ष 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे, जिसमें सत्र 2025-26 के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अर्जित प्रमुख उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया जाएगा।



## क्षमता से अधिक बच्चों को ढो रही वैन, सुरक्षा को लेकर चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

नगर पंचायत चंद्रपुर स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल से जुड़ा एक वायरल वीडियो बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। वायरल वीडियो में एक इको वैन अपनी निर्धारित क्षमता से कई गुना अधिक बच्चों को भरकर स्कूल पहुंचती दिखाई दे रही है।

बताया जा रहा है कि जिस वाहन में नियमों के अनुसार केवल 8 से 10 बच्चों को सुरक्षित बैठाया जाना चाहिए, उसी में करीब 20 से 22 मासूम बच्चों को ठूंस ठूंसकर बैठाया गया। कई बच्चे एक दूसरे से सटे हुए बैठे नजर आ रहे हैं, जिससे स्पष्ट है कि सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। इस वीडियो के सामने आने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या मासूम बच्चों की जिंदगी अब भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। यदि रास्ते में अचानक ब्रेक लग जाता, वाहन अनियंत्रित होकर पलट जाता या किसी अन्य वाहन से टक्कर हो जाती, तो इतनी बड़ी संख्या में बैठे बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर कौन लेता, क्या संबंधित स्कूल प्रबंधन, वाहन संचालक और परिवहन विभाग ऐसे मामलों में पूरी तरह बेपरवाह हैं।

### छत पर रखे बैग, मासूम खुद चढ़कर उतारते रहे सामान

इतना ही नहीं, जब वैन स्कूल के मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंची तो बच्चों के स्कूल बैग वाहन की छत पर रखे हुए थे। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि बैग उतारने के लिए स्वयं मासूम बच्चे वैन की छत पर चढ़ते नजर आए। जबकि यह जिम्मेदारी वाहन चालक अथवा परिचालक की होती है। बच्चों का वाहन की छत पर चढ़ना किसी भी समय गंभीर दुर्घटना को न्योता दे सकता है। पैर फिसलने पर बच्चे नीचे गिर सकते हैं और गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं।

अभिभावक स्वयं निजी वाहनों से अपने बच्चों को स्कूल भेजते हैं। स्कूल की अपनी कोई वैन नहीं है। फिर भी मामला बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा है, इसलिए मैं संबंधित वैन चालकों को सुरक्षा नियमों का पालन करने और क्षमता से अधिक बच्चे नहीं बैठाने के लिए जरूर कहूंगा।

हेमचरण पटेल
प्राचार्य सेजेस चंद्रपुर

## पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट, मामला दर्ज




**चंद्रपुर।** चंद्रपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंदली में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार लोगों ने पहले युवक के साथ गाली- गलौज की, फिर जान से मारने की धमकी देते हमला कर दिया। हमले में युवक के नाक, बाएं गाल और माथे पर चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित ने थाना चंद्रपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम चंदली निवासी फकीरचंद राणा 32 पिता मिलाप राणा 26 जुलाई की रात लगभग 11 बजे भोजन करने के बाद गांव स्थित कृपा शंकर के किराना दुकान में पान पाउच लेने पहुंचे थे। इसी दौरान महादेव पाली निवासी कन्हैया मांझी, विक्रम मांझी, सुधीर मांझी एवं भीषमा मांझी वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर विवाद शुरू कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि चारों आरोपियों ने अश्लील गालियां दीं और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। इससे फकीरचंद राणा के को काफी चोट आई है। घटना के दौरान तोषेन्द्र कुमार सिदार एवं ओमकार भास्कर मौके पर पहुंचे और बीच बचाव कर किसी तरह विवाद को शांत कराया। इसके बाद घायल युवक ने थाना चंद्रपुर पहुंचकर चारों आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रार्थी का चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

### छाल पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**छाल।** छाल पुलिस ने ग्राम हाटी स्थित मितान ढाबा और समीप के गैरेज में हुई चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया मोबाइल फोन, दो प्रेसर जैक तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। मितान ढाबा संचालक भागीरथी साहू ने थाना छाल में शिकायत दर्ज कराई थी कि रात में ढाबा बंद करने के बाद सुबह बिल काउंटर पर रखा वीवो वाई 12 मोबाइल गायब मिला। वहीं पास के गैरेज संचालक अशरफ अली ने भी अपने गैरेज से दो प्रेसर जैक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। छाल पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक युवक देर रात ढाबे से मोबाइल और गैरेज से प्रेसर जैक चोरी कर मोटरसाइकिल से ले जाते हुए दिखाई दिया। ग्राम कुडेकेला निवासी महेश दास महंत 32 को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। चोरी गया मोबाइल, दो प्रेशर जैक और घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।



## छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की बैठक, पर्यावरण का दिया संदेश




**सरसीवा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की मंडलीय बैठक सरसीवां में अत्यंत भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुई। यह आयोजन भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश जलान एवं विनय केड़िया के आतिथ्य में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया और प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत गांधी के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर मंडल 05 की 12 शाखाओं से 90 से अधिक मंच साथी उपस्थित रहे।

बैठक में अतिथि के रूप में श्रीमती रीना केड़िया, जयकिशन अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, राज अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल सलभ अग्रवाल, विक्रांत अग्रवाल सुमित अग्रवाल एवं श्रीमती कंचन अग्रवाल की उपस्थिति रही। आयोजन की प्रमुख विशेषताएँ शाखा एवं जागृति शाखा, सरसीवां के संयुक्त प्रयासों से कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन की प्रत्येक कड़ी में सेवा, संस्कार, नवाचार एवं उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। अतिथियों का पंजाबी ढोल की थाप पर तिलक एवं मोती माला से आत्मीय स्वागत किया गया वही सदस्यों को पंजीयन उपरांत बैग एवं किट का वितरण दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं संस्कृत श्लोकों के साथ गणपति पूजन उपरांत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए गमले सहित पौधों भेट कर सम्मान किया गया, कार्य क्रम के दौरान उपस्थित जनों के लिए उत्कृष्ट एवं पौष्टिक स्वल्पाहार तथा भोजन की उत्तम व्यवस्था किया गया था। इस मंडलीय बैठक के संयोजक श्रवण अग्रवाल शाखा अध्यक्ष शलाल निखिल अग्रवाल, सचिव वैभव केडिया, जागृति शाखा अध्यक्ष सुश्री इशिका अग्रवाल, सचिव रानू अग्रवाल सरसीवां शाखा एवं जागृति शाखा, सरसीवां की संपूर्ण टीम के सभी सदस्यों को सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिलाईगढ़ बंदः सीएमओ हटाने, गौरव पथ निर्माण और बस संचालन की मांग, दिनभर चला धरना-प्रदर्शन, चक्काजाम

- आंदोलनकारियों से चर्चा करने कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचे मौके पर



**बिलाईगढ़।** नगर की तीन प्रमुख जनसमस्याओं को लेकर गुरुवार को बिलाईगढ़ पूरी तरह आंदोलित रहा। व्यापारी संघ के नेतृत्व में नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों, 11 पार्षदों तथा विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने इंदिरा मार्केट स्थित गौरव पथ मुख्य मार्ग पर धरना, हड़ताल एवं चक्काजाम कर शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने सीएमओ सुशील चौधरी को हटाने, अधूरे गौरव पथ निर्माण पूरा करने और यात्री बसों का नगर के भीतर नियमित संचालन करने की मांग की। व्यापारी संघ द्वारा 30 जुलाई को नगर बंद एवं अनिश्चितकालीन आंदोलन की सूचना दी गई थी। ज्ञापन में कहा गया था कि यदि प्रमुख मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारी एवं नगरवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। सुबह से प्रारंभ हुआ धरना प्रदर्शन शाम तक जारी रहा। लगातार बारिश के बावजूद व्यापारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक धरना स्थल पर डटे रहे और अपनी मांगों को लेकर सरकार एवं प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। प्रदर्शन के दौरान नारे लगाते नजर आए। बिलाईगढ़ उप जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय होने के बावजूद दिनभर चले आंदोलन के दौरान कोई भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी वार्ता के लिए धरना स्थल नहीं पहुंचा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एसडीएम प्रफुल रजक मुख्यालय में मौजूद होने के बावजूद आंदोलनकारियों से चर्चा करने नहीं आएए जिससे लोगों में भारी नाराजगी देखी गई। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भागवत साहू ने भी आंदोलन का समर्थन करते हुए गौरव पथ निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग दोहराई। उन्होंने प्रशासन को पुनः ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आगामी दिनों में कीचड़ में बैठकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### पूर्व विधायक ने साधा निशाना

पूर्व विधायक संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने आंदोलन को समर्थन देते हुए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी को बढ़ावा मिल रहा है तथा अनेक शिकायतों के बावजूद सीएमओ के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होना सरकार की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 30 घंटे के भीतर तीनों प्रमुख मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो वे स्वयं भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

### विधायक की अनुपस्थिति पर उठे सवाल

आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने बिलाईगढ़ विधानसभा की विधायक कविता प्राण लहरे की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि नगर में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर व्यापक आंदोलन चलने के बावजूद विधायक ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर लोगों से संवाद नहीं किया, जिससे आंदोलनकारियों में निराशा रही।

## ओपी जिंदल विद्यालय में गुरू पुर्णिमा पर गुरूजन का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ओपी जिंदल विद्यालय, तराईमाल में गुरू पुर्णिमा का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और वातावरण में मनाया गया। यह पर्व महाभारत एवं पुराणों के रचयिता महर्षि वेदव्यास के जन्मदिवस के रूप में भी बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या अलका गोडबोले द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सुमधुर स्वर में गुरू वंदना प्रस्तुत कर सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। भारतीय संस्कृति की सनातन परंपरा का निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों ने अपने पूज्य गुरूजनों को तिलक लगाया एवं श्रीफल भेंटकर उनका अभिनंदन कर आर्षीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर गुरू पूर्णिमा तथा महर्षि वेदव्यास जी के योगदान के ऐतिहासिक एवं आधात्यमिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में ओजस्वी भाषण प्रस्तुत कर जीवन में गुरू के मार्गदर्शन और ज्ञान की भूमिका को रेखांकित किया। इसके साथ ही गुरू-महिमा पर हिन्दी कविता पाठ तथा कक्षा चैथी और पांचवीं के विद्यार्थियों द्वारा गुरू-भक्ति पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि गुरू केवल ज्ञान का साधन नहीं, बल्कि शिष्य के चरित्र, व्यक्तित्व और भविष्य का निर्माता होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, नैतिक मूल्यों और गुरूजनों के प्रति सदैव आदर भाव बनाए रखने की प्रेरणा दी।

### ब्रह्माकुमारी ने चलाया नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान

**सरिया।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के तत्वाधान में नशा मुक्ति युवा, विकसित भारत राष्ट्रव्यापी जन जागरण अभियान में अहम सहयोग दे रहा है। इस आध्यात्मिक संस्था के बहनों द्वारा युवाओं को सकारात्मक जीवन शैली अपनाने और नशे से दूर रहने के लिए देशभर में संगोष्ठियों और प्रतिज्ञा अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तहसील मुख्यालय सरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के बहनों के द्वारा भी नशा मुक्ति युवा, एवं विकसित भारत राष्ट्रीय जन जागरूकता अभियान में सहयोग प्रदान करते हुए लोगों को नशा छोड़ने और इससे दूर रहने का संकल्प दिलाने का कार्य कर रही है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था सरिया के शीतल बहन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के कई गणमान्य नेताओं ने नशा मुक्त युवा विकसित भारत राष्ट्रीय जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ 2 अगस्त को करने जा रहे हैं। इस अभियान में ब्रह्माकुमारी संस्था भी अपना सामाजिक सरोकार के कार्य में सहयोग प्रदान करते हुए स्कूल, कॉलेज और गांव में जाकर युवाओं को नैतिक मूल्य सकारात्मक सोच और आंतरिक ऊर्जा के बारे में समझाया जा रहा है।

## अब सभी कार्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी जरुरी

**ई-ऑफिस से डिजिटल काम करने का निर्देश**



**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले के अधिकारियों की उपस्थिति में मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने लात नाला में कार बह जाने की घटना के बाद जिले में ऐसे संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सभी नालों एवं जलभराव वाले स्थानों पर बैरिकेटिंग लगाने के निर्देश दिए और कहा कि ऐसे मार्गों पर आवागमन पूर्णतः बंद रखा जाए। कोटवार के माध्यम से ऐसे स्थानों में लोगों को वहां से आना जाना रोका जाए।

कलेक्टर ने एग्रीस्टेक में किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए अधिकारियों से कार्य में तेजी लाने को कहा। इसी प्रकार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने विकसित भारत जीरामजी मनरेगा से ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्यों के शीघ्र क्रियान्वयन एवं प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के सभी कार्यालयों में ब्लॉक स्तर पर भी ऑनलाइन हाजिरी बायोमैट्रिक और आधार बेस एप्प से तथा पत्राचार कार्य को ई ऑफिस के माध्यम से डिजिटल फाइलों का संचालन अनिवार्य करने, सभी अधिकारियों को ई ऑफिस से ही फाइलें भेजने तथा सभी कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की खरसिया में एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के पास, केलो विहार रायगढ़
मो. 7000789166, 9301844932

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411